Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

## हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष ३० अंक- २३ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१-१५ दिसम्बर २०२० पृष्ठ ०८ मूल्यः १० रु.मात्र (रंगीन सहित मूल्यः १५ रु.मात्र)



वाराणसी मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिर्जामुराद के खजूरी में जनसभा को संबोधित करते हुए।

## छल से नहीं गंगाजल जैसी पवित्र नीयत के साथ हो रहा है काम-प्रधानमंत्री मोदी

रे.स.ब्यूरो./संवा.प्रयागराज। अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में देव दीपावली देखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी पहुंचे। बनारस पहुंचकर उन्होंने मिर्जामुराद के खजुरी में जनसभा को संबोधित किया।

दिनांक ३०.११.२०२० को प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते वर्षो में काशी के सुंदरीकरण के साथ-साथ यहां की कनेक्टिविटी पर जो काम हुआ है, उसका लाभ अब दिख रहा है। वहीं किसानों को लेकर उन्होंने विपक्षियों पर भी हमला बोला है। इसके साथ प्रधानमंत्री ने वाराणसी -प्रयागराज सिक्सलेन हाईवे का लोकार्पण करते हुए कहा की नए हाईवे बनाना हो, पुल-फ्लाईओवर बनाना हो, जितना काम बनारस और आस-पास के क्षेत्रों में अब हो रहा है, उतना आजादी के बाद कभी नहीं हुआ।

जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने जनसभा में कहा कि मुझे ऐहसास है कि किसानों को दशकों का छलावा आशंकित करता है।

लेकिन अब छल से नहीं गंगाजल जैसी पवित्र नीयत के साथ काम किया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि जब किसी क्षेत्र में आधुनिक कनेक्टिविटी का विस्तार होता है, तो इसका बहुत लाभ हमारे किसानों को भी होता है।

## भारतीय रेलवे तीव्र गति और गुणवत्ता के साथ बढ़ रहा है आगे-पीयूष गोयल



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। केन्द्रीय रेल, वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने उत्तर- पश्चिमी रेलवे के नये विद्युतीकृत दिघावाड़ा- बांदीकुई रेल खंड का उद्घाटन किया और दिघावाड़ा स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में इस नये विद्युतीकृत रेल मार्ग पर पहली ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारतीय रेलवे तीव्र गति और गुणवत्ता के साथ चरणबद्ध ढंग से आगे बढ़ रहा है तथा सभी के सहयोग, टीमवर्क और प्रेरणा से बड़ी उपलब्धियां हासिल कर रहा है। पीयूष गोयल ने कहा कि २००६-२०१४ तक इस क्षेत्र में बिल्कुल भी विद्युतीकरण कार्य नहीं हुआ था जबकि पिछले साढ़े पांच वर्षो में १४३३ किमी रेल मार्ग का विद्युतीकरण पूरा हो गया है यानी प्रति वर्ष २४० किमी रेल मार्ग का विद्युतीकरण किया गया। बतादें कि विद्युतीकरण का कार्य केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण प्रयागराज द्वारा किया गया है। दिल्ली सराय रोहिल्ला-मदार (अजमेर) के विद्युतीकरण कार्य को सीओआरई द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई थी और रेल विद्युतीकरण परियोजना, जयपुर के सुपुर्द की गई थी।

## समय पर उपलब्ध होगा कोविड का टीका-डॉ.हर्षवर्धन




पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, ईआरसीएस के अध्यक्ष डॉ. हर्षवर्धन ने मास्क और साबुन वितरित किया। मास्क लगाने तथा हाथ धोने के महत्व पर बल देते हुए डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि शीघ्र ही कोविड से हमारी लड़ाई के ११ महीने पूरे होने वाले हैं। तब से स्वयं तथा दूसरों को सुरक्षित रखने का सर्वाधिक महत्वपूर्ण सिद्धांत साफ-सफाई तथा शारीरिक दूरी के बुनियादी सिद्धांतों का पालन करना है। दिनांकः ३०.११.२०२० को उन्होने कहा कि कोविड के खिलाफ लड़ाई में हमारा सबसे बड़ा हथियार मास्क और सैनिटाइजर है। डॉ. हर्षवर्धन ने समारोह में उपस्थित सभी लोगों के मास्क लगाने पर प्रसन्नता जाहिर की। समारोह में आईआरसीएस के महासचिव आर.के. जैन तथा डीआरएम, दिल्ली एस.सी. जैन उपस्थित थे।

## विशेषज्ञ डॉक्टर कोविड वार्ड में नियमित लें राउण्ड-सीएम योगी



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। कोविड-१६ के उपचार एवं बचाव की प्रभावी व्यवस्था को बनाये रखने के निर्देश देते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कोरोना संक्रमित मरीजों को बेहतर से बेहतर उपचार की सुविधा उपलब्ध करायी जाए। सीएम योगी रविवार दिनांक २६.११.२०२० को अपने सरकारी आवास पर उच्चस्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड चिकित्सालयों की व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि विशेषज्ञ डॉक्टर कोविड वार्ड में नियमित राउण्ड लें। उन्होंने कहा कि लोगों को कोविड-१६ से बचाव के सम्बन्ध में निरन्तर जागरूक किया जाए और अस्पतालों में दवाओं, मेडिकल उपकरण तथा ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता रहे। विभिन्न प्रचार माध्यम कार्य लगातार जारी रहे। बैठक में मुख्य सचिव आर के तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# रेलमंत्री ने की रेलवे बोर्ड के सभी निदेशालयों के कामकाज की समीक्षा

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। रेलवे बोर्ड के सभी निदेशालयों के कामकाज की रेल, वाणिज्य एवं उद्योग, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने दिनांकः १६.११.२०२० को समीक्षा की। बैठक में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा ईडी स्तर और उससे ऊपर के सभी अधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर रेल मंत्री ने स्लीपर अथवा थ्री एसी श्रेणियों में अधिक सुविधाओं के विकास और सभी तरह के व्यवसाय के लिए किराया और मालभाड़ा प्रणाली को अधिक सरल तथा आम यात्रियों और व्यवसायियों की जरूरतों के अनुरूप बनाने की आवश्यकता बताई।



रेल मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि इस बेहतरीन कामकाज को जारी रखा जाए और इसका स्तर बनाए रखा जाए। रेल मंत्री ने कहा कि बेहतर निगरानी, परियोजनाओं को समय से पूरा करने और परिचालन गुणवत्ताए में वृद्धि से रेलवे अवसंरचना क्षेत्र के क्षमता निर्माण के साथ-साथ सभी विकासात्माक पहलों के लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित होगा। उन्होने कहा कि परियोजना को शुरू करने से पहले उसकी समुचित योजना बनाना और पर्याप्त परिश्रम बेहद जरूरी है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि न सिर्फ परियोजना अच्छी तरह पूरी हो, बल्कि उसकी लागत में भी वृद्धि नहीं हो।

**पाठकों से**

आपको यह अंक कैसा लगा? कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा।

प्रधान सम्पादक
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

# काशी में भी तिरुपति की तर्ज पर सजेगा बालाजी का दरबार

रे.स.ब्यू./सूत्र. तिरुपति बालाजी का मंदिर अब मंदिरों के शहर काशी में भी बनेगा। इसके लिए तिरुपति मंदिर ट्रस्ट ने इसकी तैयारियां भी पूरी कर ली हैं। जिसकी खास बात यह है कि काशी में बनने वाला यह मंदिर आकार में कुछ छोटा होगा पर तिरुपति की अनुकृति नजर आएगा। प्रदेश सरकार के साथ वार्ता के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पिछले साल ही मंदिर ट्रस्ट ने बनारस समेत दो शहरों में बालाजी का मंदिर स्थापित करने का निर्णय लिया था। इसके लिए ट्रस्टी वीएनपी वेंकटेश के नेतृत्व में काशी में भूमि चिह्नित करने के लिए फरवरी में जमीन की तलाश भी हो चुकी है। वहीं प्राथमिकता है कि मंदिर का निर्माण गंगा के किनारे ही किया जाए।

# ३० दिसंबर तक दिल्ली में ५० फीसदी कर्मचारी करेंगे घर से कार्य

रे.स.ब्यूरो./संवा। नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के गैर जरूरी सेवाओं से जुड़े ५० फीसदी कर्मचारी कोरोना संक्रमण से बचने के लिए ३० दिसंबर तक घरों से कार्य करेंगे। यानी ५० फीसदी कर्मचारी ही दफ्तरों में आएंगे। उपराज्यपाल अनिल बैजल ने दिल्ली सरकार के प्रस्ताव को शनिवार दिनांक २८.११.२०२० की देर शाम मंजूरी दे दी है। यह नियम स्वास्थ्य, स्वच्छता, पुलिस, आपदा प्रबंधन सिविल डिफेंस, होम गार्ड, बिजली, जलापूर्ति सरीखी बेहद जरूरी सेवाओं पर लागू नहीं होगा। एक माह बाद हालात में कुछ बदलाव होता है तो सरकार नया आदेश जारी करेगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से यह प्रस्ताव २५ नवंबर को जारी किए गए दिशा-निर्देश पर आधारित था, जिसके तहत सरकारी दफ्तरों में सीमित स्टाफ के साथ काम करने को कहा गया था। ग्रेड-एक और उच्चाधिकारियों पर नहीं लागू होगा यह नियम।

# राजधानी में बिना मास्क निकलने पर अब दो हजार जुर्माना

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। कोरोना के तेजी से बढ़ते मामलों के बीच देश की राजधानी दिल्ली में दिल्ली सरकार ने बृहस्पतिवार दिनांकः १६.११.२०२० को बिना मास्क घर से निकलने वालों पर जुर्माना राशि ५०० से बढ़ाकर २ हजार रुपये करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को उपराज्यपाल अनिल बैजल से मुलाकात की। अस्पतालों में इसके साथ ही गैर गंभीर किस्म की सर्जरी भी टाल दी गई है और कोरोना मरीजों के लिए निजी अस्पतालों के ८० फीसदी आईसीयू व ६० फीसदी सामान्य बेड आरक्षित कर दिया गया है। केजरीवाल के मुताबिक, बातचीत में सहमति बनी कि ज्यादातर लोग अभी भी मास्क नहीं पहन रहे हैं। इसलिए बिना मास्क पहने निकलने वालों पर कड़ाई का निर्णय लिया गया है।

# रेलवे कर्मचारियों और पेंशनधारियों के लिए एचआरएमएस के अन्य मॉड्यूल लॉन्च




पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (एचआरएमएस) उत्पादकता और कर्मचारी संतुष्टि में सुधार का लाभ लेने के लिए भारतीय रेल की उच्च प्रामथमिकता वाली परियोजना है। यह रेल प्रणाली की सक्षमता और सुधार तथा भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज और ज्ञान अर्थव्यवस्था में बदलने के प्रधानमंत्री के विजन को साकार करने की दिशा में कदम है। इसी कड़ी में रेलवे बोर्ड के अध्येक्ष और सीईओ विनोद कुमार यादव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से रेलवे कर्मचारियों और पेंशनधारियों के लिए दिनांकः २६.११.२०२० को एचआरएमएस तथा यूजर डिपो के कई अन्य मॉड्यूल लॉन्च किए।

कर्मचारी स्वयंसेवा (ईएसएस) मॉड्यूल डाटा परिवर्तन से संबंधित कम्युनिकेशन सहित एचआरएमएस के विभिन्न मॉड्यूलों से इंटरऐक्ट करने में रेल कर्मचारियों को सक्षम बनाता है। प्रोविडेंट फंड (पीएफ) एडवांस मॉड्यूल के माध्यम से रेलवे कर्मचारी अपना पीएफ बैलेंस देख सकेंगे और पीएफ एडवांस के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसी तरह सैटलमेंट मॉड्यूल से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सभी अदायगी प्रक्रिया डिजिटल हो गई है। जिसके माध्यम से कर्मचारी ऑनलाइन रूप से अपने सैटलमेंट/पेंशन बुकलेट को भर सकते हैं। वहीं अब कागजी पास का स्थार इलैक्ट्रानिक पास मॉड्यूल ने ले लिया है। ऑफिस ऑर्डर मॉड्यूल ऑफिस ऑर्डर जारी करने और नये कर्मचारी के सेवा में शामिल होने, पदोन्नति स्थारनांतरण और सेवानिवृत्ति संबंधी डाटा को अद्यतन बनाने का काम करता है।

# मरीजों को वितरित की निःशुल्क दवायें

रे.स.ब्यू./सूत्र. झांसी। जन सूचना अधिकार मंच एवं भारतीय मानवाधिकार समिति द्वारा झांसी में निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें सात दर्जन से अधिक लोगों ने अपनी जांच करायी। संस्था द्वारा मरीजों की निःशुल्क जांच व दवायें वितरित की गयीं। संस्था द्वारा कोरोना के कारण अस्पतालों में जाने से डर रहे लोगों को क्षेत्रों में ही स्वास्थ्य सुविधायें दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर डा. के के साहू, डा. संजय साहू, विक्रम पटेल, अभिषेक, रवि राठौर, आदित्य कुमार, संस्था अध्यक्ष मुदित चिरवारिया, अनिल बख्शी, सहित बड़ी संख्या में संस्था सदस्य व क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# ५१६६ पदों पर होगी पूर्वोत्तर रेलवे में भर्ती

रे.स.ब्यू./सूत्र. गोरखपुर। १५ दिसंबर से होने वाली कंप्यूटर बेस्ड परीक्षा के लिए रेलवे तैयारी शुरू कर दी हैं। ग्रुप 'सी' व ग्रुप 'डी' में रेलवे ने तीन वर्गो में भर्ती के लिए पूर्वोत्तर रेलवे में कुल ५१६६ पदों के लिए परीक्षाएं जून २०२१ तक चलेंगी। परीक्षा केंद्रों पर कोरोना प्रोटोकॉल का पालन अनिवार्य है। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन विनोद कुमार यादव ने सभी जोनल रेलवे के महाप्रबंधकों को सहयोग करने व संसाधनों को उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखा है। रेलवे भर्ती बोर्ड ने पूर्वोत्तर रेलवे में ग्रुप 'सी' के १२७६ और ग्रुप 'डी' में ३६१७ के पद पर भर्ती करने की स्वीकृति प्रदान की है। जिसमें गार्ड, क्लर्क, ट्रैकमैन, प्वाइंटमैन आदि के पद शामिल हैं। गोरखपुर रेलवे भर्ती बोर्ड ऑनलाइन परीक्षा के लिए केंद्र निर्धारण करेगा।

# पीसीएस मेंस के लिए १४ दिसंबर तक कर सकते हैं आवेदन

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा में सफल ५५३५ अभ्यर्थियों से मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन मांगे गए हैं। अभ्यर्थी १४ दिसंबर तक मुख्य परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन सबमिट कर सकते हैं। जिसकी प्रक्रियाशुरू हो गई है। अभ्यर्थी आयोग के होमपेज पर जाकर १४ दिसंबर तक गलती सुधार कर सकते हैं। गलती सुधारने के लिए एक मौका ऑनलाइन आवेदन में दिया गया है। आयोग की ओर से बताया गया कि कई अन्य प्रारूप की पीडीएफ फाइल वेबसाइट पर उपलब्ध है। ऑनलाइन भरे गए आवेदन को प्रिंट करके, उसके साथ सभी प्रमाणपत्रों को संलग्न करके पता लिखी हुई पर्ची के साथ लिफाफे में भरकर २१ दिसंबर को शाम पांच बजे तक जमा कर सकते हैं। आवेदन पूरा करने के बाद अभ्यर्थी शुल्क एसबीआई के एमओपीएस पेज पर जाकर जमा कर सकते हैं। शुल्क डेबिट, क्रेडिट कार्ड, चालान के जरिए भी जमा किया जा सकता है।

## कोविड-१९ की दूसरी लहर में बरतें सतर्कता: योगी



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने आवास पर बुधवार दिनांकः १८.११.२०२० को उच्चस्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि विभिन्न देशों और भारत के कई राज्यों में कोविड-१९ की सेकंड वेव देखने को मिल रही है। जिसे ध्यान रखते हुए पूरी सतर्कता बरती जाए। आईसीयू बेड्स की की भी निरंतर समीक्षा की जाए। कोरोना के खिलाफ लड़ाई में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा यूपी मॉडल की सराहना किए जाने पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लोगों को बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों से आने वाले लोगों की कांटेक्ट ट्रेसिंग पर खास ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक कोविड-१९ की वैक्सीन उपलब्ध नहीं हो जाती है, तब तक सतर्कता ही बचाव है। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह और मुख्य सचिव आरके तिवारी आदि मौजूद थे।

## प्रयागराज एक्सप्रेस का बदला समय

रे.स.ब्यूरो./संवा। प्रयागराज समेत कई अन्य ट्रेनों की रफ्तार १३० किमी प्रति घंटा हो गई है। अब प्रयागराज से दिल्ली पहुंचने में ४० मिनट कम समय लगेगा। हमसफर से भी अब पहले की तुलना में गति बढ़ने की वजह से १५ मिनट कम समय में दिल्ली पहुंच जाएंगे। वहीं रेल प्रशासन ने इन ट्रेनों के अलावा कई अन्य ट्रेनों की समय-सारिणी में परिवर्तन किया है जो २५ नवंबर से लागू है। एनसीआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अजीत कुमार सिंह के अनुसार प्रयागराज एक्सप्रेस अब प्रयागराज से रात में ९.३० के बजाय १०.१० बजे रवाना होगी। जबकि, दिल्ली पहुंचने का समय पूर्व की भांति सुबह सात बजे ही होगा। इसी तरह से दिल्ली से भी यही समय रहेगा।

## कोविड-१९ महामारी के दौरान भी एचआईवी की रोकथाम में उठाये गए कई कदम-डॉ. हर्षवर्धन




पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ.हर्षवर्धन ने दिनांकः १८.११.२०२० को एचआईवी रोकथाम के लिए वैश्विक निवारण गठबंधन की मंत्रिस्तरीय बैठक को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित किया। डॉ.हर्षवर्धन ने इस तथ्य पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की कि, भारत से दुनिया भर में जेनेरिक एंटी-रेट्रोवायरल ड्रग्स के प्रावधान का एचआईवी महामारी को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि सामान्य रूप से वैश्विक एड्स प्रतिक्रिया समृद्ध नागरिक समाज की भागीदारी और क्रॉस लर्निंग के साथ-साथ नवीनतम सेवा वितरण मॉडल का एक प्रमुख बिंदु है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने भारत के अद्वितीय एचआईवी निवारण मॉडल की सरहाना की जो कि, सामाजिक अनुबंध की अवधारणा को केन्द्रित करता है और जिसके माध्यम से लक्षित उद्देश्य कार्यक्रम को लागू किया जाता है। उन्होंने कहा कि, गैर-सरकारी संगठनों के समर्थन के साथ अनेक कार्यक्रम संचालित करने के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। डॉ.हर्षवर्धन ने बताया कि, किस प्रकार से भारत ने कोविड-१९ महामारी के दौरान भी एचआईवी की रोकथाम में अनेक कदम उठाये हैं। अपर स्वास्थ्य सचिव आरती आहूजा, संयुक्त स्वास्थ्य सचिव आलोक सक्सेना और नाको अपर महानिदेशक शोभिनी राजन भी बैठक में उपस्थित थे।

## उत्तर मध्य रेलवे ने माल लदान कर एक हजार करोड़ किया अर्जित

रे.स.ब्यूरो./संवा.प्रयागराज। माल लदान से उत्तर मध्य रेलवे ने एक हजार दो करोड़ २१ लाख रुपए कमाई की। चालू वित्तीय वर्ष में १७ नवंबर तक यह आय है। पिछले साल कि तुलना में आय १६० करोड़ रुपए अधिक है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी/उत्तर मध्य रेलवे अजीत कुमार सिंह के अनुसार माल लदान से आय की वर्तमान सकारात्मक बढ़ोतरी को जारी रखने और उत्तर मध्य रेलवे गैर-किराया राजस्व स्रोतों से आय में वृद्धि के लिए चौतरफा प्रयास कर रही है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अनुसार उत्तर मध्य रेलवे ने चालू वित्त वर्ष में अक्टूबर तक गैर-रेलवे संस्थाओं की ओर से उपयोग की जा रही रेलवे भूमि के लाइसेंस शुल्क, निजी साइडिंगों के निरीक्षण और रखरखाव शुल्क आदि से रु. १७.३३ करोड़ का राजस्व अर्जित किया है।

## आयुर्वेद डॉक्टर भी कर पाएंगे आँख, कान और गले की सर्जरी

रे.स.ब्यूरो./संवा. नई दिल्ली। देश में अब आयुर्वेद के डॉक्टर भी मरीजों की सर्जरी कर सकेंगे। सामान्य सर्जरी की अनुमति भारत सरकार ने आयुर्वेद के पीजी छात्रों को दे दी है। इसके तहत डॉक्टर हड्डीरोग, ईएनटी और दांतों से जुड़ी सर्जरी कर पाएंगे । लंबे समय से आयुष चिकित्सा की प्रैक्टिस कर रहे डॉक्टरों की ओर से एलोपैथी के समान अधिकार देने की मांग हो रही थी। नए नियमों के मुताबिक, आयुर्वेद के छात्र पढ़ाई के दौरान ही शल्य और शालक्य चिकित्सा को लेकर प्रशिक्षित किए जाएंगे। बतादें कि सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, आयुर्वेदिक अध्ययन के पाठ्यक्रम में सर्जिकल प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल को जोड़ा जाएगा। इसके लिए अधिनियम का नाम बदलकर भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद संशोधन विनियम, २०२० कर दिया गया है।

## पांचवी पुण्यतिथि पर याद किए गए अशोक सिंहल

रे.स.ब्यू रो./संवा. प्रयागराज। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष रहे अशोक सिंहल की पांचवी पुण्यतिथि पर मंगलवार दिनांक १७.११.२०२० को आयोजित कार्यक्रमों में उनके आदर्शो को याद किया गया।


उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अशोक सिंहल के साथ बिताए पलों को और अनुभव साझा किए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अशोक सिंहल की सोच हिंदुस्तान को हिंदू राष्ट्र के साथ पूरे दुनिया में परम वैभवशाली बनाने की थी जो अब धीरे-धीरे साकार हो रहे हैं।

इस मौके पर सांसद केशरी देवी पटेल, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, विधायक यज्ञदत्त शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

## उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पर्व का हुआ समापन

रे.स.ब्यू रो./संवा.प्रयागराज। पूर्वांचल के सबसे बड़े त्यौहारों में शुमार छठ पूजा का शनिवार दिनांक २१.११.२०२० को समापन हुआ। छठ व्रतियों ने भोर में उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। इस मौके पर शहर के बलुआघाट पर बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष के साथ बच्चे भी मौजूद रहे। आखिरी दिन नालों व पोखरों के किनारे छठ घाट पर भोर में पूजा अर्चना कर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। छठ घाट पर छठ के पारंपरिक गीत गूंज रहे थे। छठ व्रतियों का ३६ घंटे का उपवास शुरू हुआ था जिसका शनिवार पारण हुआ। दिनभर व्रत रहकर व्रती शाम को अरवा चावल, गुड़ की खीर का प्रसाद ग्रहण करते हैं। इसके साथ ही ३६ घण्टे का निर्जला व्रत शुरू हो जाता है। षष्ठी को व्रत के साथ अस्तांचल सूर्य को अर्घ्य, उसके बाद उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद प्रसाद ग्रहण कर इस महापर्व का समापन हो जाता है।

## महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने किया इलेक्ट्रिक लोको ट्रिप शेड का निरीक्षण



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। नई दिल्ली स्थित उत्तर मध्य रेलवे की इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव ट्रिप शेड का महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने दिनांक १९.११.२०२० को निरीक्षण किया। जून १९८४ में स्थापित इस ट्रिप शेड को उत्तर मध्य रेलवे और अन्य जोनों में चलने वाली राजधानी, श्रमशक्ति, अन्य ट्रेनों सहित २३ महत्वपूर्ण ट्रेनों में प्रयुक्त होने वाले इलेक्ट्रिक इंजनों की ट्रिप और अन्य मामूली रखरखाव के लिए प्रयोग किया जाता था। ट्रिप शेड में सुचारू कार्य इन महत्वपूर्ण ट्रेनों के सुरक्षित, कुशल और समयबद्ध संचालन के लिए महत्वपूर्ण है और दैनिक आधार पर इस ट्रिप शेड में औसतन १६ कोचिंग लोकोमोटिव का अनुरक्षण होता है।

महाप्रबंधक ने ट्रिप शेड में किए जा रहे नवीकरण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने नई दिल्ली ट्रिप शेड में कर्मचारियों की सुविधाओं का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को ट्रिप शेड के निरीक्षण के दौरान आगरा मंडल के सीनियर डीईई और दिल्ली डिवीजन के सीनियर डीईई सहित शेड के तकनीकी पर्यवेक्षकों और कर्मचारी उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

# मास्क और फिजिकल डिस्टेंसिंग पर बढ़ता भरोसा

जिससे दुनिया में करोड़ लोग से ज्यादा कोरोना महामारी से संक्रमित हुए और करीब १० लाख से ज्यादा अपनी जिंदगी गंवा चुके हैं।

जिसका सबसे सजीव प्रतीक मास्क है, निरंतर मास्क पर अध्ययन जारी है कि यह कोरोना से बचाव में कितना कारगर है। मास्क के पक्ष में कई शोध भी सामने आ चुके हैं। वहीं पूरी दुनिया में तरह-तरह के मास्क या कपड़ों का भी उपयोग हुआ है, इसलिए मास्क कितना सुरक्षित है इस डाटा का पूरी दुनिया में अभाव है। कोरोना का मानक मास्क एन९५ को माना जाता है, हवा में रहने वाले ९५ प्रतिशत कणों को वह शरीर के अंदर नहीं पहुंचने देता है। जब इन मास्क की कमी हो गई तब कपड़े और सर्जिकल मास्क के उपयोग को बढ़ावा देना पड़ा। कौन-सा मास्क काम करेगा, यह अभी अध्ययन का विषय है। परंतु मास्क किसी भी तरह के हों, सेहत की रक्षा के लिए उपयोगी ही माने जा रहे हैं।

शोधकर्ताओं ने २०० देशों के आंकड़ों को खंगालने के बाद बताया है कि मंगोलिया में मास्क को जनवरी के अंत में ही अपना लिया गया था और वहां कोरोना से मई तक एक भी मौत दर्ज नहीं की गई। वहीं डाक्टरों के अनुसार भी मास्क आपको संक्रमण से ही नहीं, बल्कि कई अन्य गंभीर बीमारियों से भी बचाते हैं।

पर मास्क और फिजिकल डिस्टेंसिंग पर बढ़ती जागरूकता इसकी उपयोगिता को धीरे-धीरे बड़ा ही रहे हैं खासकर उम्रदराज व गंभीर मरीजों में भी लोग पहले से ज्यादा सोशल डिस्टेन्स और मास्क का प्रयोग कर रहे हैं, और जब तक कारगर वेक्सीन न आ जाए तो एक हद तक यह उचित भी है ।

# २४ कोचों वाली प्रयागराज एक्सप्रेस बनी १३० की रफ्तार से चलने वाली पहली ट्रेन

रे.स.ब्यूरो./संवा. उत्तर मध्य रेलवे के अंतर्गत १३० किमी प्रति घंटे या इससे अधिक की गति से १०० से अधिक ट्रेनें चलाई जा रही हैं। वहीं अब २४ एलएचबी कोच के साथ १३० किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली प्रयागराज-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन भारतीय रेलवे की पहली ट्रेन होगी। बतादें कि उमरे प्रयागराज के साथ नौ ट्रेनों की गति बढ़ाने की घोषणा की।

इसकी वजह से इन ट्रेनों के समय में भी बदलाव किया गया है। जिसमें भारत की सबसे तेज चलने वाली गातिमान एक्सप्रेस और भारतीय रेल की सर्वाधिक औसत गति वाली वंदे भारत एक्सप्रेस भी शामिल है। उत्तर मध्य रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार ट्रैक, रोलिंग स्टॉक, सिग्नलिंग और इलेक्ट्रिकल एसेट के उत्तम रखरखाव के कारण यह संभव हो पाया है।

# महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने किया क्रू लॉबी समेत अन्य कार्यो का निरीक्षण



रे.स.ब्यूरो./संवा.प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने नई दिल्ली स्थित की क्रू ल,बी और रनिंग रूम का दिनांक २३.११.२०२० को निरीक्षण किया। बतादें कि उत्तर मध्य रेलवे की क्रू लॉबी नई दिल्ली से कोचिंग ट्रेनों के संचालन के लिए अति-महत्वपूर्ण क्रू बुकिंग प्वाइंट है और यह दैनिक आधार पर औसतन ३२० ओरिजनेटिंग और टर्मिनेटिंग कोचिंग ट्रेनों के क्रू को संचालित करती है। महाप्रबंधक ने उत्तर मध्य रेलवे की क्रू लॉबी में कंप्यूटर आधारित काउंसलिंग व्यवस्था की जाँच की और काउंसलिंग वीडियो आदि को समाहित कर व्यवस्था में सुधार के लिए सुझाव दिया। महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने नई दिल्ली में उत्तर अध्य रेलवे की २५० बेड क्षमता वाले रनिंग रूम का भी निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान आगरा मंडल केसीनियर डीईई (ऑपरेशन) आफताब अहमद, रनिंग रूम के प्रभारी, मुख्य क्रू नियंत्रक नई दिल्ली सहित अन्य पर्यवेक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

# अमित मिश्र ने ग्रहण किया अपर मण्डल रेल प्रबंधक का कार्यभार

रे.स.ब्यूरो./संवा। अपर मण्डल रेल प्रबंधक/प्रयागराज मंडल का पदभार अमित मिश्र ने दिनांक २७.११.२०२० को ग्रहण कर लिया। बतादें कि यह पद अपर मंडल रेल प्रबंधक /प्रयागराज अनुराग गुप्ता के उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में स्थानान्तरित होने से रिक्त हुआ था। अमित मिश्र २००१ बैच के भारतीय रेल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियरिंग सेवा (IRSSE) के अधिकारी हैं, मिश्र ने मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज से इलेक्ट्रानिक इंजीनियरिंग की स्नातक की डिग्री प्राप्त की है। मिश्र ने झांसी मण्डल में वरि. मण्डल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियरिंग/समवय, उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय में उप महा-प्रबंधक एवं सचिव/महाप्रबंधक के पद पर कार्य करने के साथ-साथ



प्रयागराज मण्डल, झांसी मण्डल एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवा प्रदान की है। मिश्र को २०२० में वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (SAG) में पदोन्नति मिली है। प्रयागराज मण्डल में आयोजित विदाई और स्वागत समारोह में, मण्डल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा ने अनुराग गुप्ता को अपर मंडल रेल प्रबंधक/प्रयागराज के रूप में उनके शानदार कामकाज के लिए बधाई दी और नए अपर मंडल रेल प्रबंधक अमित मिश्र का स्वागत किया।

# Originating freight loading of North Central Railway crossed One Crore tonnes mark

RSB:Chairman & CEO Vinod Kumar Yadav and other members of Railway Board reviewed position of safety, freight and parcel loading, goods shed functioning and other important items on 01.12.2020, through video conference held with GM of zonal Railways and DRMs. At the outset, CRB & CEO Yadav said that safety is our first and foremost concern and we have to remained focused to safety in train operations. He particularly stressed on safety at manned level crossings and proper maintenance of point and crossing zones of track. He congratulated zonal railways for improved freight loading performance in November-2020 and asked zones and divisions to keep this momentum going. Vinod Yadav also mentioned that use of artificial intelligence and data analysis will play a crucial role in future maintenance and operation of Railways and advised General Managers to ensure that adequate officials from each zone are trained in this field for which online training programs are being organised by Railway Board. During the video conference GM Rajiv Chaudhry apprised Railway Board that NCR is monitoring mobility of trains continuously and achieved highest ever interchange of 532 trains on 30.11.2020 surpassing previous best of 515 trains interchanged on 25.03.2020. He also informed Railway Board on steps taken to improve conditions of goods shed and marketing efforts taken to boost originating freight loading further. On the front of freight loading, NCR has achieved many important milestones in November-2020. During the month, originating freight loading of NCRcrossed one crore tonnes mark and so far, total 101.6 Lakhs tonnes freight has been loaded in current financial year.

# एलटीटी–हावड़ा-एलटीटी द्वि-साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का ३१ दिसंबर तक विस्तार


रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा ०२१०१/०२१०२ एलटीटी हावड़ा-एलटीटी द्वि-साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का परिचालन दिनांक ०१ दिसम्बर, २०२० से ३१ दिसम्बर, २०२० तक किया जा रहा है। गाड़ी संख्या ०२१०१ एलटीटी-हावड़ा द्वि-साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन दिनांक ०१ दिसम्बर, २०२० से २६ दिसम्बर, २०२० तक प्रत्येक शुक्रवार व मंगलवार को एलटीटी से चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या ०२१०२ हावड़ा-एलटीटी द्वि-साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन दिनांक ०३ दिसम्बर, २०२० से ३१ दिसम्बर, २०२० तक प्रत्येक रविवार व गुरुवार को हावड़ा चलेगी। इस गाड़ी की समय सारणी, ठहराव एवं कोच में कोई परिवर्तित नहीं किया। इस गाड़ी में केवल कनफर्म टिकट यात्रियो को यात्रा करने की अनुमति दी जायेगी ।

## लेखकों से

राष्ट्रीय, सामजिक, फिल्म व्यंग्य आदि विषयों पर अप्रकाशित लेख प्रकाशन हेतु आमंत्रित है। अपने हस्तलिखित लेख कागज की एक ओर साफ अक्षरों से भेजें।

प्रधान सम्पादक - ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

# झाँसी मंडल डिजिटाइजेशन की ओर अग्रसर




रे.स.ब्यू./सूत्र.झाँसी। उत्तर मध्य रेलवे का झाँसी मंडल मंडल रेल प्रबन्धक संदीप माथुर के मार्गदर्शन में डिजिटाइजेशन की ओर निरंतर अग्रणी है। इसी क्रम में कार्मिक विभाग डिजिटा-इजेशन की ओर लगातार कार्य कर रहा है। कार्मिक विभाग रेलवे बोर्ड के आदेशानुसार सभी कर्मचारियों का पूर्ण सर्विस रिकॉर्ड HRMS पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। वर्तमान में कार्यरत कर्मचारियों को सुविधा पास पीटीओं भी HRMS पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जारी किये जा रहे है। जिससे मंडल के सभी कर्मचारी अब आईआरसीटीसी से ऑनलाइन आरक्षण भी करवा सकते है। इस सुविधा के माध्यम से अब रेलवे कर्मचारी को भी रेलवे पास व पीटीओ पर आरक्षण सुविधा का लाभ घर बैठे मिल रहा है।

इस पोर्टल पर कार्य करने हेतु कार्मिक एवं अन्य विभाग के कर्मचारियों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया है। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों को पोर्टल पर आने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु हेल्पलाइन नंबर-६७६४८२५८०७ भी जारी किया गया है। जिससे कर्मचारियों की समस्याओं का फोन पर ही निदान किया जा सकता है। इसी कड़ी में मंडल रेल प्रबन्धक द्वारा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार गुप्ता तथा उनकी टीम द्वारा किये गए सराहनीय प्रयासों हेतु कार्मिक विभाग को पुरुस्कृत किया गया।

# यूपीपीएससी की पीसीएस प्री-२०२० में सफल हुए ५३९३ अभ्यर्थी

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। पीसीएस एवं एसीएफ व आरएफओर प्री-२०२० का परिणाम उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने शनिवार दिनांकः २१.११.२०२० की रात जारी कर दिया। पीसीएस मेंस के लिए ५३९३ एवं एसीएफ व आरएफओ के लिए १८० अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा के लिए सफल घोषित किये गये हैं। आयोग की अधिकारिक वेबसाइट uppsc.up.nic.in पर प्री परीक्षा का परिणाम भी अपलोड कर दिया गया है।

बतादे कि सूत्रों के अनुसार आयोग सचिव जगदीश ने बताया कि इस परीक्षा का आयोजन उत्तर प्रदेश के १६ शहरों के १२८२ परीक्षा केन्द्रों पर किया गया था। परीक्षा के लिए ५ लाख ६५ हजार ६६६ अभ्यर्थी पंजीकृत हुए थे। जिसमें से ३ लाख १४ हजार ६६६ अभ्यर्थियों ने प्रारंभिक परीक्षा दी थी।

## साभार

शन्नो श्रीवास्तव
८०६ बी१२ए
आर पी एस सवाना
सेक्टर ८८ ग्रेटर
फरीदाबाद हरियाणा



कौन कहता है करोना में स्वाद चला जाता है
सच तो यह है करोना बड़े स्वाद चखाता है
दूर करके अपनों से, बंद कमरे में बैठाता है
'अकेलेपन' का स्वाद सबसे पहले समझाता है
बंद करा कर घर की मेड
हाथों में झाड़ू पकड़ाता है
अरे करोना तू ही तो पतियों को 'मजा' चखाता है

वही पड़ोसी जिन बिन रहना पल भर नहीं सुहाता है
झूठ ही सुन लें आना तेरा झरोखा भी बंद हो जाता है
नींबू, काढ़ा, हल्दी, दूध
बारी बारी से आता है
करो गरारा, भाप भी लेना
हर कोई समझाता है
टूटे नियम और मास्क न पहनो तो
जुर्माना भरवाता है
अरे करोना तू तो बड़े स्वाद चखाता है।

## लेखकों से

राष्ट्रीय, सामजिक, फिल्म व्यंग्य आदि विषयों पर अप्रकाशित लेख प्रकाशन हेतु आमंत्रित है। अपने हस्तलिखित लेख कागज की एक ओर साफ अक्षरों से भेजें।

प्रधान सम्पादक - ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

# मिशन मोड में कराये स्मार्ट सिटी के कार्यः मण्डलायुक्त



साभार:सूचना विभाग प्रयागराज। मण्डलायुक्त आर० रमेश कुमार की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय स्थित गांधी सभागार में स्मार्ट सिटी के तहत कराये जा रहे कार्यो की प्रगति के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। दिनांकः २०.११.२०२० को बैठक में मण्डलायुक्त ने शहर के विभिन्न मार्गो पर बनने वाले पार्किंग एरिया, ग्रीन एरिया, सिटिंग प्लान, वेण्डर जोन, हॉकर जोन की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि कार्यो की स्वीकृति के सम्बंध में सभी प्रकार की समस्याओं का शीघ्रता से समाधान करते हुए कार्यों में तेजी लायें। मण्डलायुक्त ने स्मार्ट सिटी के तहत होने वाले कार्यो को फास्टर मोड एवं मिशन मोड पर कराने के निर्देश दिये। उन्होंने स्मार्ट सिटी योजना के तहत बनने वाले नाइट मार्केट की प्रगति रिपोर्ट को संतोष जनक बताया। मण्डलायुक्त ने पब्लिक एड्रेस सिस्टम के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली।

बैठक में जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी, नगर आयुक्त रवि रंजन, पीडीए उपाध्यक्ष अंकित अग्रवाल सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# यूपी बोर्ड के मेधावी नवाजे गए स्मृति सम्मान से

रे.स.ब्यूरो./संवा। मंगला प्रसाद इंटर कॉलेज बामपुर में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को यूपी बोर्ड मुख्यालय में रविवार दिनांकः २२.११.२०२० को डॉ. त्रियुगी नारायण द्विवेदी एवं सूर्या द्विवेदी स्मृति पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं सर्वोच्च अंक पाने वाले विशाल कुमार मिश्र तथा आशीष कुमार को इंटर की परीक्षा में ५०० में से ४०७ अंक प्राप्त करने पर १०,५००रुपये की धनराशि भी प्रदान की गई। हाईस्कूल परीक्षा में आकृति गौतम को ६०० में से ५२२ अंक पाने के लिए २१ हजार रुपये की धनराशि दी गई। इस दौरान प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय यूपी बोर्ड के अपर सचिव एस. पी. द्विवेदी ने कहा कि अपने माता-पिता के नाम पर मेधावी बच्चों को कई वर्षो से पुरस्कार प्रदान करते हैं। इस मौके पर डीआईओएस आरएन वि'वकर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुशवाहा आदि रहे।

# सम्पन्न हुआ सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड का वार्षिक निरीक्षण




रे.स.ब्यूरो./संवा। कोरल क्लब प्रयागराज में सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड का वार्षिक निरीक्षण २०१९-२० दिनांक २१.११.२०२० को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मे डॉ सुमन्त बहल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं उप आयुक्त, सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड/उ.म.रे/प्रयागराज द्वारा परेड की सलामी ली गई। कार्यक्रम में डॉ राकेश निगम डिवी. कमांडर (मेडिकल) ने ब्रिगेड के द्वार किये कार्यों को सराहा। इसमें सेवा निवृत्त डिवी. कमांडर (प्रशासन) एम.एच.अंसारी तथा रिटायर्ड एम्बुलेंस अधिकारी ए.के आर्या आदि अपने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में एम्बुलेंस अधिकारी मुहिब उल्लाह, आलोक वर्मा, राजीव सिंह, उदय चंद्र मौर्य, तथा अनूप श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। उक्त कार्यक्रम में ब्रिगेड द्वारा पूरे वर्ष में किए गये सराहनीय कार्यो के लिए दोनों ब्रिगेड के सदस्यों की प्रशंसा की गई साथ में फैले कोविड-१९ महामारी के दौरान किए गये कार्यो की प्रशंसा की गई। वहीं उत्कृष्ट कार्यों के लिए ब्रिगेड के सदस्यों को सम्मानित किया गया।

## महाप्रबंधक ललित चंद्र त्रिवेदी द्वारा रेल परिचालन हेतु जारी उन्नयन कार्य का निरीक्षण



रे.स.ब्यू./सूत्र.हाजीपुर। धनबाद मंडल के प्रधान खांटा से पंडित दीन दयाल उपाध्याय तक ४१७ रूट किलोमीटर लंबे रेलमार्ग पर १६० किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से रेल परिचालन हेतु जारी उन्नयन कार्य का महाप्रबंधक ललित चंद्र त्रिवेदी द्वारा दिनांक २५ नवंबर को निरीक्षण किया गया। इस रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन १६० किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से संभव हो सके इसके लिए रेलवे ट्रैक, रेल पुलों, सिगनल प्रणाली और ओएचई में कई सुधार किए जाने हैं। महाप्रबंधक ने गति सीमा में वृद्धि हेतु किए जा रहे सभी कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रमुख मुख्य इंजीनियर के. डी. रल्ह, प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर राजेश कुमार, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजेश कुमार पाण्डेय धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक आशीष बंसल सहित अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे।

## १ दिसंबर से बदले हुए समय से चलेगी शिवगंगा एक्सप्रेस

रे.स.ब्यूरो./संवा। नई दिल्ली जाने वाली शिव गंगा एक्सप्रेस १ दिसंबर से बदले हुए समय से चलेगी। अब यह गाड़ी प्रयागराज जंक्शन से रात १०.३० की बजाय रात १२.३५ बजे नई दिल्ली के लिए रवाना होगी और यह ट्रेन सुबह ८.१० बजे नई दिल्ली पहुँचने के बजाय १ दिसंबर से सुबह ८.२५ बजे नई दिल्ली पहुंच जाएगी। इसी तरह वापसी में नई दिल्ली से यह ट्रेन शाम ६.५५ की जगह रात ८.०५ पर नई दिल्ली से प्रस्थान करेगी और सुबह ३.५५ बजे प्रयागराज जंक्शन पहुंच जाएगी। वर्तमान समय यह ट्रेन रात ३.५० बजे प्रयागराज जंक्शन पहुंच रही थी ।

## मास्क न पहनने वालों पर सख्त हुआ हाईकोर्ट

रे.स.ब्यू./सूत्र. कोरोना संक्रमण से सर्वाधिक प्रभावित छह जिलों गाजियाबाद, प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर मेरठ, और गौतमबुद्ध नगर में मास्क अनिवार्य रूप से लागू करने और इसकी सख्त निगरानी करने का इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निर्देश दिया है। इन जिलों में सातों दिन और चौबीसों घंटे ड्रोन कैमरों से निगरानी करने के लिए कोर्ट ने कहा है। इस बाबत कोर्ट ने कम से कम अगले ३० दिन तक सघन निगरानी करने का निर्देश दिया है। वहीं खाने-पीने के सामान खुले में न बेचने का आदेश भी अगले छह सप्ताह तक और लागू रहेगा। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा एवं न्यायमूर्ति अजीत कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश कोरोना संक्रमण से निपटने की सरकार की तैयारियों की निगरानी कर रही ने दिया है।


प्रयागराज और कोरोना संक्रमण से सर्वाधिक प्रभावित लखनऊ, गाजियाबाद, मेरठ, कानपुर और गौतमबुद्ध नगर में भी इसी प्रकार का अभियान चलाया जाए साथ ही ड्रोन कैमरों से चौबीसों घंटे निगरानी की जाए।

## पीसीएस प्री के संशोधित रिजल्ट में बाहर हुए ११३१ अभ्यर्थी

रे.स.ब्यू./सूत्र। पीसीएस-२०२० की प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम संशोधित कर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने दिया है। ऐसे में प्रारंभिक परीक्षा में सफल घोषित किए गए विशिष्ट अर्हता वाले दो प्रकार के पदों के लिए ११३१ अभ्यर्थियों को बाहर कर दिया गया है। हालांकि संशोधित परिणाम में बाहर होने वालों से अधिक संख्या में नए अभ्यर्थियों को मेरिट में शामिल किया गया है। वहीं अब सफल होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या ५५३५ हो गई है, जबकि पूर्व में ५३६३ अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए सफल घोषित किया गया था। २१ नवंबर को जारी परिणाम में गड़बड़ी विज्ञापन और आवेदन में अर्हत क्रम में भिन्नता के कारण हुई थी। आयोग ने संशोधित परिणाम जारी कर दिया है।

## पवन कुमार बंसल संभालेंगे कांग्रेस कोषाध्यक्ष का पद

रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की तरफ से जारी सूचना के अनुसार कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ नेता पवन कुमार बंसल को कांग्रेस पार्टी ने अपने दिवंगत संकटमोचक नेता और कोषाध्यक्ष अहमद पटेल के दायित्व को सौंपा है। पवन कुमार बंसल तेज तर्रार नेताओं में गिने जाते हैं। इस जिम्मेदारी के मिलने के बाद उनका कद फिर फ्रंट लाइन में आ गया है। ७२ साल के पवन कुमार बंसल १०वीं, १३वीं, १४वीं



और १५वीं लोकसभा के सदस्य भी रहे हैं। वह केंद्रीय रेल मंत्री भी बने थे, लेकिन उनके भतीजे विवेक सिंगला के ऊपर रिश्वतखोरी का आरोप लगने के बाद ३ मई २०१३ को पद से इस्तीफा देना पड़ा था। वह यूपीए की मनमोहन सिंह सरकार में बतौर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री, संसदीय मामलों के राज्यमंत्री, जल संसाधन मंत्रालय समेत तमाम विभागों में भी रहे हैं।

## अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर अब ३१ दिसंबर तक रोक

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। डीजीसीए ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर रोक की मियाद और बढ़ा दी है। अब ३१ दिसंबर तक अंतरराष्ट्रीय उड़ाने बंद रहेंगी। डीजीसीए ने जबकि अभी तक ३० नवम्बर तक नियमित अंतरराष्ट्रीय पर रोक लगा रखी थी। गुरुवार दिनांक २६.११.२०२० की सुबह इसे लेकर आदेश जारी कर दिए गए हैं। बतादें कि चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से सारी इंटरनेशनल फ्लाइट्स बंद हैं।

## प्रदेश में डीएफसीसी के लिए बनेगा मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क

रे.स.ब्यू./सूत्र। जीएम एनसीआर राजीव चौधरी ने डीएफसीसी-आईएल के प्रबंध निदेशक एवं अन्य अफसरों के साथ शुक्रवार दिनांक २७.११.२०२० को ईडीएफसी में चल रहे कार्यों की वीडियोकॉफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा की। प्रदेश से गुजरने वाले रेलवे के ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर (ईडीएफसी) के लिए जल्द ही एक मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क एवं तीन नए फ्रेट टर्मिनल का निर्माण किया जाएगा।

इसके निर्माण के बाद उत्तर प्रदेश में तैयार सामान आसानी से मालगाड़ियों के माध्यम से पंजाब, हरियाणा, बिहार, झारखंड आदि राज्यों तक तेज गति से पहुंचाया जा सकेगा। इस दौरान बैठक में बताया गया कि ईडीएफसी के तहत कानपुर में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क भी बनाया जाएगा जिसके बाद किसी भी तरह का सामान भेजने की सुविधा रहेगी। बैठक में एनसीआर के अपर महाप्रबंधक रंजन यादव सहित तीनों मंडलों के डीआरएम भी जुड़े।

## पर्यावरण संरक्षण तथा साफ-सफाई रखने के उद्देश्य से चला सफाई अभियान



रे.स.ब्यू./सूत्र. झांसी। पर्यावरण संरक्षण तथा साफ-सफाई व्यावस्थित रखने के उद्देश्य से रेलवे ऑफिसर्स कॉलोनी झांसी में दिनांकः २८.११.२० को वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया। उक्त अभियान में संदीप माथुर मंडल रेल प्रबंधक झांसी सहित अपर मंडल रेल प्रबंधक अमित सेंगर तथा दिनेश वर्मा ने श्रमदान कर घास तथा झाड़ आदि को काट कर रेलवे ऑफिसर्स कॉलोनी की हरा- भरा व व्यवस्थित बनाया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक माथुर ने सभी को स्वच्छता तथा पर्यावरण के प्रति जागरूक नागरिक के कर्तव्यों के निर्वहन के बारे में बताया तथा २ अक्टूबर को गांधी जयंती को सभी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा ली गयी स्वच्छता शपथ का पुनःस्मरण कराया।

इस अवसर पर राजेश श्रीवास्तव वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), अखिल शुक्ल मंडल वाणिज्य प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी द्वारा भी रेलवे आवासीय परिसर में श्रमदान कर स्वच्छता बनाये रखने में सहभागिता की। सफाई अभियान के दौरान कोविड-१९ संबंधित दिशा निर्देशों का भी पालन किया गया।

# कोर में सम्पन्न हुआ ७१वें संविधान दिवस का आयोजन




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज, के महाप्रबंधक यशपाल सिंह, एवं सभी विभागों के विभागा -ध्यक्षों ने संविधान दिवस के अवसर पर दिनांक २६ नवम्बर २०२० को संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया उनके वाचन के साथ-साथ भी राष्ट्रपति महोदय के वाचन का अनुसरण करते हुए संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया।

महाप्रबन्धक के नेतृत्व में केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, में संविधान दिवस के अन्तर्गत मौलिक कर्तव्यों के पालन हेतु सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ भी दिलाई गयी। ज्ञात हो कि २६ नवम्बर १९४९ को संविधान को आत्मार्पित किया गया था। उसी के याद में संविधान दिवस का आयोजन प्रति वर्ष २६ नवम्बर को किया जाता है।

राष्ट्र को प्रभुता सम्पन्न बनाने एवं जन आकांक्षाओं की पूर्ति में संविधान की अहम भूमिका है। इन्ही अपेक्षाओं को पूर्ण करने के लिए संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कोर के सभी विभागाध्यक्ष अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# प्रयागराज में मिले ८८ नए कोविड संक्रमित

रे.स.ब्यू./सूत्र। कोरोना संक्रमितों की संख्या जिले में हर दिन घट-बढ़ रही है। सामान्य दिनों की अपेक्षा रविवार दिनांक २६.११.२०२० को करीब एक हजार कोविड जांचें की गई, लेकिन संक्रमितों की संख्या में मामूली इजाफा हुआ। वहीं २४ घंटे के भीतर ८८ लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। एक संक्रमित की उपचार के दौरान मौत भी हो गई। अब जिले में ८३७ एक्टिव केस हैं। नोडल अधिकारी कोरोना डॉ. ऋषि सहाय के मुताबिक सोमवार को जिले में कुल ४०४६ लोगों की कोविड जांच की गई। कुल ८८ संक्रमित चिह्नित किए गए। वहीं संक्रमणमुक्त होने वालों का प्रतिशत बढ़ा है। कुल १४४ लोग संक्रमणमुक्त हुए। जिनमें २८ विभिन्न कोविड अस्पतालों से डिस्चार्ज किए गए और ११६ लोगों ने होम आइसोलेशन पूरा किया। डॉ. सहाय के अनुसार अब कुल कोविड संक्रमितों की संख्या २६५३४ हो गई है।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय की नई कुलपति बनीं प्रो. संगीता श्रीवास्तव




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। इविवि की गृह विज्ञान विभाग की पूर्व अध्यक्ष एवं प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) राज्य विश्वविद्यालय की वर्तमान कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव को इलाहाबाद विश्व-विद्यालय का नया कुलपति नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की ओर से उनकी नियुक्ति का पत्र रविवार दिनांक रू २६.११.२०२० को जारी कर दिया गया, जोकि विवि प्रशासन को प्राप्त हो गया। ३१ दिसंबर २०१९ को तत्कालीन कुलपति प्रो. रतनलाल हांगलू के त्यागपत्र देने के बाद से इलाहाबाद विश्वविद्यालय में कुलपति का पद लगातार कार्यवाहक कुलपति के भरोसे चल रहा था।

अब प्रो. संगीता श्रीवास्तव की नियुक्ति के बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कुलपति के पद को स्थायित्व मिलेगा। रजिस्ट्रार इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. एनके शुक्ला ने बताया कि नवनियुक्त कुलपति एक दिसंबर को पदभार ग्रहण करेंगी।

# किन्नरों ने की मास्क लगाने की अपील

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। ट्रैफिक पुलिस इस बार जागरूकता के लिए प्रतिदिन नए नए कार्यक्रमों का सहारा ले रही है। यातायात माह में हो रहे कार्यक्रमों के तहत शनिवार दिनांक २८.११.२०२० को सुभाष चौराहे पर किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर टीना मां के नेतृत्व में पहुंचे और पुलिस के साथ लोगों से मास्क और हेलमेट लगाने की अपील की। डिप्टी एसपी शुभम तोदी और ट्रैफिक इंस्पेक्टर आरके सिंह आदि लोग कार्यक्रम के दौरान मौजूद थे।

# मुजफ्फपुर-देहरादून साप्ताहिक विशेष गाड़ी का परिचालन



साभारः हाजीपुर यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या ०५००१ मुजफ़्फ़रपुर-देहरादून साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचालन ०७ दिसम्बर, २०२० से २८ दिसम्बर, २०२० तक एवं ०५००२ देहरादून-मुजफ़्फ़रपुर साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचालन ०५ दिसम्बर, २०२० से २६ दिसम्बर, २०२० तक किया जायेगा। गाड़ी में सभी कोच आरक्षित श्रेणी के होंगे तथा इसमें यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-१९ के मानकों का पालन करना होगा। ०५००१ मुजफ्फपुर-देहरादून साप्ताहिक विशेष गाड़ी ०७ दिसम्बर, २०२० से २८ दिसम्बर, २०२० तक प्रत्येक सोमवार को मुजफ़्फ़रपुर से १४.०० बजे प्रस्थान कर चकिया से १४.४४ बजे, बापूधाम मोतीहारी से १५.१८ बजे, सगौली से १५.३७ बजे, बेतिया से १५.५६ बजे, नरकटियागंज से १६.३२ बजे, हरिनगर से १६.५० बजे, बगहा से १७.५१ बजे, सिसवा बाजार से १९.३५ बजे, कप्तानगंज से २०.०२ बजे, गोरखपुर से २१.१५ बजे, खलीलाबाद से २१.५५ बजे, बस्ती से २२.२४ बजे, मनकापुर से २३.१३ बजे, दूसरे दिन गोण्डा से ००.१० बजे, बाराबंकी से ०१.४५ बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से ०३.०३ बजे, हरदोई से ०४.३४ बजे, शाहजहाँपुर से ०५.४० बजे, बरेली से ०६.४७ बजे, रामपुर से ०७.४५ बजे, मुरादाबाद से ०८.३८ बजे, नजीबाबाद से १०.२६ बजे, लक्सर से ११.१२ बजे तथा हरिद्वार से १२.०७ बजे छूटकर देहरादून १३.५० बजे पहुँचेगी। जबकि ०५००२ देहरादून-मुजफ़्फ़रपुर साप्ताहिक विशेष गाड़ी ०५ दिसम्बर, २०२० से २६ दिसम्बर, २०२० तक प्रत्येक शनिवार को देहरादून से १५.२० बजे प्रस्थान कर हरिद्वार से १७.०७ बजे, लक्सर से १७.४० बजे, नजीबाबाद से १८.२२ बजे, मुरादाबाद से १९.५८ बजे, रामपुर से २१.०७ बजे, बरेली से २२.०८ बजे, शाहजहांपुर से २३.१५ बजे, दूसरे दिन हरदोई से ००.१५ बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) ०२.०५, बाराबंकी से ०३.०५ बजे, गोण्डा से ०४.५० बजे, मनकापुर से ०५.२२ बजे, बस्ती से ०६.३० बजे, खलीलाबाद से ०६.५५ बजे, गोरखपुर ०७.५५ बजे, कप्तानगंज से ०९.०५ बजे, सिसवा बाजार से १०.०२ बजे, बगहा से ११.२१ बजे, हरिनगर से ११.४४ बजे, नरकटियागंज से १२.०६ बजे, बेतिया से १२.३६ बजे, सगौली से १३.०७ बजे, बापूधाम मोतीहारी से १३.२८ बजे तथा चकिया से १३.५५ बजे छूटकर मुजफ़्फ़रपुर १६.२६ बजे पहुँचेगी।

इस गाड़ी की संरचना में जनरेटर सह लगेज यान के ०२, साधारण द्वितीय श्रेणी के ०२, शयनयान श्रेणी के ०६, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के ०३ तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के ०१ कोच सहित कुल १४ कोच लगाये जायेंगे।

# काल्विन में रक्तदान शिविर का आयोजन



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। रक्तदान शिविर का आयोजन मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय (काल्विन) में रविवार दिनांक २६.११.२०२० को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी व आईजी केपी सिंह रहे। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि रक्तदान शिविर का आयोजन सराहनीय कदम है। जिसकी उपयोगिता कोरोना काल में और बढ़ जाती है। इसके जरिये रक्तदान कर हम औरों की जिंदगी को भी बचा सकते है। आईजी ने भी रक्तदान को एक सराहनीय कदम है। शिविर में ३५ लोगों ने रक्तदान किया। आईजी ने कहा कि इसके लिए सभी को आगे आना चाहिए। उन्होंने मास्क पहनने, सोशल डिस्टेंसिंग के साथ कोरोना नियमों का पालन करने की अपील की। अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक डॉ. सुषमा श्रीवास्तव ने रक्तदान को नेक कार्य बताया।

# ट्रेन से गिरकर बीएसएफ जवान की मौत

रे.स.ब्यू./सूत्र. कानपुर। दिल्ली-हावड़ा रेल रूट पर अंबियापुर में बीएसएफ जवान ओमकार नाथ यादव राजस्थान के जैसलमेर में तैनात ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। वह तीन भाइयों में बीच के थे और छुट्टी लेकर घर देवरिया जा रहे थे। जीआरपी झींझक ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद परिजन शव गांव ले गए। शनिवार दिनांक २८.११.२०२० को कीमैन की सूचना पर स्टेशन मास्टर अंबियापुर ने झींझक स्टेशन मास्टर को अवगत कराया। जीआरपी चौकी झींझक को सूचना दी गई। जीआरपी ने शव का पोस्टमार्टम कराया। उनके पास से मिले पहचान पत्र व फोन से पहचान हुई। बाद में कानपुर में रहने वाले परिवार के चचेरे भाई अमित परिजनों के साथ पहुंचे और शव ले गए।

# रेलवे फ्रेट ने २०२० में माल की उच्चतम लदाई (लोडिंग) की दर्ज

भारतीय रेलवे के लिए नवंबर २०२० के महीने में कमाई और लोडिंग के मामले में माल ढुलाई के उच्च स्तर को बनाए रखना जारी है। मिशन मोड पर,भारतीय रेलवे का नवंबर २०२० के महीने के लिए माल लदान पिछले वर्ष की लोडिंग और सी अवधि के लिए कमाई को पार कर गया है। नवंबर २०२० के महीने में, भारतीय रेलवे का लोड १०६.६८ मिलियन टन था,जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की लोडिंग (१००.६६ मिलियन टन) की तुलना में ६% अधिक है। इस अवधि में भारतीय रेलवे ने माल ढुलाई से १०६५७.६६ करोड़ रुपये की कमाई की जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की कमाई (१०२०७.८७ करोड़ रुपये) की कमाई की तुलना में ४४६.७६ करोड़ रुपये (४%) अधिक है। नवंबर २०२० के महीने में,भारतीय रेलवे की लदान १०६.६८ मिलियन टन था,जिसमें ४८.४८ मिलियन टन कोयला,१३.७७ मिलियन टन लौह अयस्क, ५.१ मिलियन टन खाद्यान्न, ५.४१ मिलियन टन उर्वरक और ६.६२ मिलियन टन सीमेंट (क्लिंकर को छोड़कर) शामिल है।

# हर हफ्ते होगा माघ मेला में संतों के शिविरों में कोरोना सर्वे

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। इस बार संगम की रेती पर मेले में जप-तप के लिए कल्पवासियों, संतों को प्रवेश तभी मिलेगा जाएगा, जब वह कोविड-१६ की निगेटिव आरटी-पीसीआर रिपोर्ट साथ ले कर आएंगे। बृहस्पतिवार दिनांक २६.११.२०२० को प्रयागराज मेला प्राधिकरण की हुई बैठक में महीने भर बाद शुरू होने वाले माघ मेले में कोविड-१६ के संक्रमण से कल्पवासियों, संतों और भक्तों को सुरक्षित रखने का मुद्दा छाया रहा। इस मौके पर डीएम समेत कई अफसर उपस्थित थे।

# ०१ दिसंबर से बदले समय पर दौड़ेंगी शताब्दी सहित कई ट्रेनें

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। रेलवे प्रशासन एक दिसंबर यानि आज से शताब्दी, कैफियत और जबलपुर एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों की समय सारिणी में बदलाव करने जा रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह के अनुसार शताब्दी एक्सप्रेस नई दिल्ली से सुबह ६:१० बजे चलकर दोपहर १२:५० बजे लखनऊ पहुंचेगी। वहीं, दिल्ली जाने वाली शताब्दी की समय सारणी में कोई बदलाव नहीं है। ऐसे ही लखनऊ से जबलपुर की ट्रेन लखनऊ जंक्शन से शाम ५:३० बजे छूटकर सुबह ५:२५ बजे जबलपुर पहुंचेगी। वापसी में रात ८:५० बजे चलकर अगली सुबह ६:२५ बजे लखनऊ जंक्शन पहुंचेगी। इसी क्रम में कैफियत एक्सप्रेस दिल्ली से रात ८:२५ बजे छूटकर अगली शाम ४:०५ बजे लखनऊ पहुंचेगी और वापसी में आजमगढ़ से शाम ४:२५ बजे चलकर रात ११.१५ बजे लखनऊ आएगी।

# विद्युत रेल इंजन दीपशक्ति का हुआ लोकार्पण

रे.स.ब्यू./सूत्र। वाराणसी स्थित बनारस रेल इंजन कारखाना में ३६वें विद्युत रेल इंजन दीपशक्ति ६०० हार्स पावर का लोकार्पण रेलवे बोर्ड के चेयरमैन विनोद कुमार यादव, ट्रैक्शन व रोलिंग स्टॉक के सदस्य राजेश तिवारी ने आज दिनांक ०१.१२.२०२० को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हरी झंडी दिखाकर की। इसी के तहत दो रेल इंजन आकाशदीप और दीपशक्ति एक साथ रवाना हुए।




देव-दीपावली के उपलक्ष्य पर इन रेल इंजनों का नाम दीपशक्ति और आकाशदीप रखा गया है। रेलवे बोर्ड की ओर से इस उपलब्धि पर बरेका को डेढ़ लाख नकद पुरस्कार की घोषणा की गई। बनारस रेल इंजन कारखाना की महाप्रबंधक अंजली गोयल ने इंजन की खासियतों के बारे में बताया। अंजली गोयल ने बताया कि बरेका ने ३६वें इंजन का उत्पादन कर अपने ही रिकार्ड की बराबरी की है। नवंबर २०१६ के अंत तक १६८ रेल इंजन निर्माण हुए थे, जबकि इस साल कोरोना काल में नवंबर माह तक बरेका ने १६८ इंजन का निर्माण कर लिया। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बरेका की यह उपलब्धि ऐतिहासिक है।

# रायबरेली रेल कोच फैक्ट्री ने बनाया तेजस का नया रैक

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। रायबरेली स्थित मॉडर्न रेल कोच फैक्ट्री ने तेजस के लिए सीटिंग क्लास की जगह एसी स्लीपर क्लास वाला रैक तैयार किया है। फिलहाल तेजस बंद है, पर उम्मीद है कि जब दोबारा पटरी पर लौटेगी तो उसमें इस रैक को इस्तेमाल किया जायेगा। आधुनिक फीचर से लैस तेजस एक्सप्रेस को रेलवे अब १६० किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दौड़ाने की फिराक में है।

# आगरा मंडल को मिला १३ वें क्यूसीआई-डीएल शाह क्वालिटी अवार्ड में रजत पुरस्कार

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तत्वावधान में क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित १३ वीं क्यूसीआई-डीएल शाह क्वालिटी अवार्ड मूल्यांकन प्रक्रिया में DUET ट्रेनों के अंडरगियर परीक्षण के लिए ड्रॉयड के विकास के लिए रजत पदक प्राप्त हुआ है।



बतादें कि प्रतिष्ठित क्यूसीआई-डीएल शाह गुणवत्ता पुरस्कार प्रतिभागी संगठनों /व्यक्तियों को उनके द्वारा लागू विशिष्ट परियोजनाओं के लिए दिया जाता है। इस अखिल भारतीय पुरस्कार को संगठन/ व्यक्ति की सफल परियोजनाओं जिनके परिणाम स्वरूप प्रक्रियाओं, उत्पादों/सेवाओं में निरंतर सुधार होता है, उनके लिए मान्यता और प्रोत्साहन के रूप में दिया जाता है। आगरा डिवीजन के मैकेनिकल (कैरेज एवं वैगन) विभाग द्वारा सुरक्षित वाई-फाई नेटवर्क के माध्यम से रिमोट ऑपरेटर द्वारा रियल टाइम अधार पर उच्च गति एक्शन कैमरे का प्रयोग कर उच्च रिजॉल्यूशन वीडियो फुटेज को रिकॉर्ड करने और भेजने में सक्षम DUET ट्रेनों के अंडरगियर परीक्षण के लिए ड्रॉयड, को विकसित किया गया है। आगरा मंडल ने इस अभिनव विकास के पेटेंट के लिए भी आवेदन किया है और उत्तर मध्य रेलवे में इसके माध्यम से ट्रेनों के अंडरगियर परीक्षण को आगे बढ़ाया जाएगा। महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे राजीव चौधरी, के नेतृत्व और विभागाध्यक्षों के तकनीकी मार्गदर्शन और मंडल रेल प्रबंधकों सहित मुख्यालय और मंडलों के अन्य अधिकारियों के सक्रिय समर्थन और मुख्यालय के रेल कर्मियों के कर्तव्यनिष्ठ प्रयासों से यह उपलब्धियां हासिल हुई हैं।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सदस्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-६० पोस्ट ए.डी-८ मो.६७६३६५६०४४ ६६५१८०४७८८, ६६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०

